
# डॉ. मनसुख मांडविया

श्रम एवं रोजगार और
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री,
भारत सरकार





गुजरात इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एंड रिसर्च, अहमदाबाद, भारत से राजनीति विज्ञान के क्षेत्र में 'सामुदायिक विकास और भविष्य की चुनौतियों में ग्राम विद्यापीठों (ग्रामीण विद्यालयों) की भूमिका' विषय पर **डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी डिग्री (पीएचडी)**।

*डॉ मनसुख मांडविया को सामाजिक मुद्दों के लिए लंबी पदयात्राओं के आयोजन हेतु जाना जाता है:*

2004 में, बालिकाओं की शिक्षा हेतु प्रचार और जागरुकता के लिए **123 किलोमीटर "कन्या केलवानी ज्योत पदयात्रा"** की।

2006 में, डॉ मनसुख मांडविया ने फिर से लैंगिक भेदभाव, महिला सशक्तिकरण और नशे से जुड़ी चिंताओं के लिए **"बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, व्यसन हटाओ"** के लक्ष्य के साथ **127 किलोमीटर** की पदयात्रा का आयोजन किया।

2019 में, उन्होंने **महात्मा गांधी की 150वीं जयंती** के अवसर पर **150 किलोमीटर** लंबी पदयात्रा की।



वर्तमान में **पोरबंदर लोकसभा** से सांसद हैं और भारत सरकार के **केंद्रीय श्रम एवं रोज़गार** के साथ **युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री** का कार्यभार सँभाल रहे हैं।

फ़रवरी 2024 तक राज्यसभा सदस्य रहे और **केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन और उर्वरक मंत्रालय** का पदभार सम्भाला। उससे पहले राज्य मंत्री के रुप में **सड़क परिवहन और राजमार्ग, बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय** के पदभार भी सम्भाल चुके है।

डॉ. मनसुख मांडविया को **10,000 से अधिक जन औषधि केंद्र** (सामान्य और सस्ती दवा स्टोर) स्थापित करने तथा **बहुत कम समय में देश में दो अरब से अधिक वैक्सीन डोज़** लगाने एवं टीकाकरण अभियान को आगे बढ़ाने का श्रेय जाता है।






वर्ष 2015 में डॉ मनसुख मांडविया को **संयुक्त राष्ट्र में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया, इस दौरान उन्होंने सतत विकास के संदर्भ में 2030 एजेंडा हेतु बात की**।

डॉ मनसुख मांडविया **55 से अधिक देशों** में अनेक द्विपक्षीय वार्ता और डेलीगेशन का हिस्सा रह चुके हैं।





डॉ मनसुख मांडविया ने भारत का नेतृत्व कई बिज़नेस फ़ॉर्म में किया है। जिसमें 2020, 2022, 2023 में **वर्ल्ड इकोनॉमिक फ़ॉरम, स्विट्ज़रलैंड** भी शामिल है।

## पुरस्कार और मान्यता

**UNICEF** द्वारा डॉ मनसुख मांडविया को **महिलाओं के मासिक धर्म एवं स्वच्छता** के क्षेत्र में सैनिटरी पैड के राष्ट्रव्यापी वितरण के लिए विशेष योजना शुरु करने हेतु सम्मानित किया गया

डॉ मनसुख मांडविया को **'इकोनॉमिक टाइम्स बिजनेस रिफॉर्मर ऑफ द ईयर अवार्ड 2022'** से भी सम्मानित किया गया

डॉ. मनसुख मांडविया लगातार **चार वर्षों (2022, 2023, 2024 और 2025)** से द इंडियन एक्सप्रेस की प्रतिष्ठित **100 सबसे प्रभावशाली भारतीयों** की सूची में शामिल हो रहे हैं।